बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–26/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या–26/2023, प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों को दिनांक–01.09.2023 से 03.09.2023 तक आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई त्रुटि के सुधार हेतु आवश्यक सूचना दी गयी है। उसके क्रम में यह स्पष्ट किया जाता है कि :–

1. प्रविष्टियों में सुधार का यह अवसर प्राथमिक विद्यालय अध्यापक अभ्यर्थी सहित सभी अभ्यर्थियों के लिए है।
2. अभ्यर्थी द्वारा समर्पित कागजातों के अनुरूप ही प्रविष्टियों में सुधार करना है। ऐसी कोई भी प्रविष्टिया नहीं करनी है, जो पूर्व में समर्पित कागजातों से भिन्न हो। किसी भी प्रविष्टि और समर्पित कागजातों में अन्तर होने से प्रविष्टि को अमान्य कर दिया जायेगा और ऐसी स्थिति में उनकी अर्हता/पात्रता प्रभावित हो सकती है, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होगें।
3. आवेदन के साथ समर्पित कागजातों में कोई भी परिवर्तन करने का अवसर देय नहीं है और अब कोई भी नया प्रमाण–पत्र स्वीकार नहीं होगा। मात्र Appearing अभ्यर्थियों के पास प्रशैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र यदि उपलब्ध हो तो उसे अपलोड कर सकते है।
4. वैसे प्राथमिक विद्यालय अध्यापक अभ्यर्थी जिनकों अपने बी.एड प्रमाण–पत्रों को डीएलएड में बदलना है, उनको इसके संबंध में बाद में सूचित किया जायेगा।

31.8.2023

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना